सांवरे इतना तो कह दे

सांवरे इतना तो कह दे,
किस से जा कर हम कहे,
आप के होते कन्हैया,
दास क्यों दुखड़े सहे,
सांवरे इतना तो कह दे,

सांवरे मेरी तो केवल आप से पहचान है ,
लेना देना आप ही से बस यही मुझे ज्ञान है,
आप ने आंखे चुराई समजो फिर तो लूट गये,
सांवरे इतना तो कह दे..

जान कर अनजान बैठे क्यों हमारे हाल पर,
आप तो ऐसे नहीं थे रूठे किस बात पर,
बेबसी ने सुध भुलाई दुखडो से पूजित हुए,
सांवरे इतना तो कह दे...

कर हुई गलती कन्हैया माफ़ कर मेरी खता,
ज़िंदगी में दुख बहुत है,
तू तो हम को न सत्ता,
बिन मेहर होगी बसर न ज़िंदगी कैसे जिये,
सांवरे इतना तो कह दे....

अगर हसा हम पर ज़माना कैसे तू बच पायेगा,
भक्त और भगवान का इतहास लिखा जायेगा,
नंदू कर किरपा दयालु आके दामन थाम ले,
सांवरे इतना तो कह दे

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8530/title/sanware-itna-to-keh-de-kis-se-jaakar-hum-kahe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |